# ज्ञान नगरी में लिखा जाएगा विज्ञान का नया अध्याय, उज्जैन साइंस सेंटर का लोकार्पण आज

- देश-विदेश के विद्वानों का होगा संगम
- सिंहस्थ से पहले उज्जैन की नई पहचान

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच उज्जैन को ज्ञान और विज्ञान के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है. सेक्टर-सी वसंत विहार स्थित तारामंडल परिसर में आज उज्जैन साइंस सेंटर का लोकार्पण किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की गरिमामय उपस्थिति में यह समारोह आयोजित होगा.**

सिंहस्थ से पहले स्थापित हो रहा यह विज्ञान केंद्र आने वाले समय में उज्जैन की पहचान को केवल आस्था ही नहीं बल्कि ज्ञान और विज्ञान के वैश्विक केंद्र के रूप में भी मजबूत करेगा. सिंहस्थ महापर्व में देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालु और पर्यटक इस विज्ञान केंद्र और तारामंडल का अवलोकन कर सकेंगे. एमपी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के डायरेक्टर जनरल डॉ. अनिल कोठारी के अनुसार सुबह 10 से 10.30 बजे के बीच साइंस सेंटर का लोकार्पण किया जाएगा. इसके साथ ही महाकाल: द मास्टर ऑफ टाइम प्रदर्शनी का शुभारंभ तथा तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन भी तारामंडल परिसर में किया जाएगा.




### 3 से 5 अप्रैल तक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

3 से 5 अप्रैल तक आयोजित होने वाला महाकाल: द मास्टर ऑफ टाइम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन उज्जैन को एक बार फिर वैश्विक वैज्ञानिक और बौद्धिक मंच पर स्थापित करने का प्रयास है. इस सम्मेलन में भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा और आधुनिक खगोल एवं अंतरिक्ष विज्ञान के समन्वय पर गहन मंथन होगा.

**यह हस्तियां रहेंगी मौजूद** -इस अवसर पर इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन, विचारक और लेखक सुरेश सोनी, आईकेएस नई दिल्ली के नेशनल कोऑर्डिनेटर डॉ. गंती एस. मूर्ति और नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. सारस्वत सहित देश-विदेश के अनेक वैज्ञानिक, खगोलविद और शिक्षाविद उपस्थित रहेंगे.

**कई तरह के व्याख्यान**-सम्मेलन में देश-विदेश के वैज्ञानिक, शिक्षाविद, नीति-निर्माता और अंतरिक्ष क्षेत्र के विशेषज्ञ भाग लेंगे. इसमें खगोल विज्ञान, एस्ट्रोफिजिक्स, कॉस्मोलॉजी, स्पेस इकोनॉमी, भारतीय कालगणना पद्धति और आधुनिक अंतरिक्ष तकनीक जैसे विषयों पर तकनीकी सत्र, पैनल चर्चा और व्याख्यान आयोजित होंगे.

**युवाओं के लिए तकनीकी कार्यशालाएं**-सम्मेलन के दौरान छात्रों और युवाओं के लिए उपग्रह निर्माण, आरसी प्लेन, यूएवी तकनीक, सूर्य के सनस्पॉट का अवलोकन और टेलीस्कोप से रात्रि आकाश दर्शन जैसी कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी. इसके साथ ही टेक्नोलॉजी एक्सपो, स्टार्टअप सम्मेलन, पुस्तक विमोचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे.

### 15 करोड़ से अधिक लागत से बना विज्ञान केंद्र

तारामंडल परिसर में निर्मित उज्जैन साइंस सेंटर का निर्माण लगभग 15.20 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है. इसमें साइंस फन गैलरी, आउटडोर साइंस पार्क, साइंस एंड टेक्नोलॉजी गैलरी, हेरिटेज थीम गैलरी, स्टूडेंट एक्टिविटी हॉल और एग्जिबिट डेवलपमेंट लैब जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं. यह केंद्र विद्यार्थियों, शोधार्थियों और आमजन को विज्ञान के सिद्धांतों को प्रयोगात्मक रूप में समझने का अवसर देगा.

**उज्जैन फिर बनेगा समय गणना का वैश्विक केंद्र**-प्राचीन काल से उज्जैन को समय गणना और खगोल विज्ञान की महत्वपूर्ण धुरी माना जाता रहा है. महान खगोलविद आचार्य वराहमिहिर ने यहां से खगोलीय गणनाओं का आधार स्थापित किया था. राज्य सरकार उज्जैन को पुन: वैश्विक 'टाइम स्केल सेंटर' के रूप में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है.

**सिंहस्थ से पहले उज्जैन को सौगात** -सिंहस्थ 2028 से पहले विज्ञान, संस्कृति और आस्था के इस संगम से उज्जैन की पहचान और भी व्यापक होगी, जहां आने वाले श्रद्धालु केवल महाकाल के दर्शन ही नहीं बल्कि ज्ञान और विज्ञान की इस नई धरोहर का भी अनुभव कर सकेंगे.

## एक नजर में

### बिना मांग 2 करोड़ के फर्नीचर खरीदी का मामला

**रायसेन.** जिले के सिलवानी विकासखंड में विद्यालयों के लिए बिना मांग के लगभग 2 करोड़ रुपये के कॉन्फ्रेंस हॉल फर्नीचर खरीदी का मामला सामने आया है. प्राथमिक जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर एक कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है, जबकि मामले की विस्तृत जांच जारी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिलवानी में पदस्थ एक सहायक ग्रेड-3 ने प्राचार्यों को बुलाकर अपने स्तर पर कार्यादेश तैयार कराए. इस प्रक्रिया में न तो सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति ली गई और न ही वित्तीय नियमों का पालन किया गया.

### डम्पर घर में घुसा, एक की मौत, चार घायल

**नरसिंहपुर.** जिले के गाडरवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत कामती गांव में एक अनियंत्रित डम्पर सड़क किनारे बने घर में घुस गया, जिससे एक अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना में भोजराज कौरव (50) की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई. घर में मौजूद अन्य चार सदस्य घायल हो गए, जिनमें एक बच्ची की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम किया, जिसे पुलिस ने समझाइश देकर समाप्त कराया. घायलों का उपचार गाडरवारा के अस्पताल में जारी है.



# 5 अप्रैल तक बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का अलर्ट

- इन्दौर समेत 30 जिलों में अलर्ट
- 40 किमी/ घंटा की गति से चलेंगी हवाएं

**भोपाल, 02 अप्रैल. मध्यप्रदेश में मौसम फिलहाल काफी अस्थिर नजर आ रहा है और 5 अप्रैल तक आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी रहेगा.**

भोपाल और इंदौर समेत लगभग 30 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि निमाड़ क्षेत्र के धार, बड़वानी और झाबुआ में ओले गिरने की आशंका है. पिछले 72 घंटों से प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवाओं, गरज-चमक और बारिश ने मौसम को अस्थिर रखा है. आगामी 24 घंटों में ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, बड़वानी, आगर-मालवा, राजगढ़, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बैतूल, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, देवास और शाजापुर में मौसम का असर रहेगा.

तेज हवाओं का भी खतरा है. छिंदवाड़ा, सिवनी और पांढुर्णा में हवाओं की रफ्तार 40-50 किमी/घंटा तक पहुंच सकती है, जबकि अन्य जिलों में 30-40 किमी/घंटा की गति से हवाएं चलेंगी.

फसलों और कमजोर ढांचों को नुकसान होने की आशंका है. गर्मी का असर भी बना हुआ है. नर्मदापुरम में तापमान 40 डिग्री तक पहुँच गया, जबकि रतलाम, मंडला, खजुराहो, रायसेन, दमोह और सागर में 38-39 डिग्री दर्ज किया गया. बड़े शहरों में जबलपुर 38 .4 डिग्री, भोपाल 37 .4 डिग्री, इंदौर 36 .5 डिग्री , ग्वालियर 36 .1 डिग्री और उज्जैन 35 .6 डिग्री पर पहुंचा. मौसम बदलने का कारण सक्रिय साइक्लोनिक सर्कुलेशन, ट्रफ लाइन, और उत्तर-पश्चिमी हिस्से में दो सिस्टम हैं. 7 अप्रैल से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे 10 अप्रैल तक मौसम अस्थिर रहेगा. अप्रैल के दूसरे हफ्ते से तेज गर्मी शुरू होगी, और महीने के अंत तापमान 44-45 डिग्री तक पहुँच सकता है.

### अमानत में खयानत करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**धार.** जिले में पुलिस ने किराए पर वाहन लेकर धोखाधड़ी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. आरोपियों से तीन कार भी जब्त की गई हैं. पुलिस के अनुसार आरोपी चार पहिया वाहन किराए पर लेकर उन्हें वापस नहीं करते थे और अमानत में खयानत करते थे. लंबे समय से इनके खिलाफ शिकायतें मिल रही थीं, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई. राजगढ़ थाना प्रभारी समीर पाटीदार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देश पर विशेष टीम ने फरार चल रहे आरोपियों शैलेन्द्र ठाकुर, मनोज ठाकुर, धीरज प्रजापत और जीतू तिवारी को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से दो अर्टिगा कार और एक होंडा अमेज कार जब्त की गई है.

# खाद्य मिलावट बढ़ने पर पटवारी ने जताई चिंता

## सरकार की निगरानी व्यवस्था पर उठाए सवाल

स्पेशल संवाददाता

**भोपाल.,02 अप्रैल. मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में खाद्य पदार्थों में तेजी से बढ़ रही मिलावट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे आम जनता के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बताया है.**



पटवारी ने एक बयान में कहा कि यह मुद्दा अब सामान्य शिकायत तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि लाखों लोगों के जीवन से जुड़ा बड़ा संकट बन चुका है. एफडीए की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि 2000 से अधिक खाद्य नमूने गुणवत्ता परीक्षण में फेल पाए गए हैं. विशेष रूप से ग्वालियर से सामने आए करीब 420 मामलों ने सरकार की निगरानी और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. उन्होंने कहा कि यह समस्या केवल एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश में फैली हुई है. उन्होंने आगे कहा कि दूध, मावा, पनीर और घी जैसे रोजमर्रा के डेयरी उत्पादों में सबसे अधिक मिलावट पाई जा रही है, जो सीधे तौर पर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है. उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी मिलावट केवल फूड पॉइजनिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे डायबिटीज, हृदय रोग और हार्मोनल असंतुलन जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है. सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक ढिलाई और राजनीतिक संरक्षण के चलते मिलावटखोरों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है.

उन्होंने सवाल उठाया कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही, नियमित जांच क्यों नहीं हो रही और जनता के स्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर सरकार मौन क्यों है. कांग्रेस नेता ने मांग की कि मिलावटखोरों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, खाद्य पदार्थों की नियमित व पारदर्शी जांच हो, दोषियों को सख्त सजा दी जाए और आम जनता को सुरक्षित व शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाए. उन्होंने चेतावनी दी कि जनता के स्वास्थ्य से किसी भी कीमत पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा.

# चुनाव से पहले राजनीतिक दबाव के आरोप

विशेष संवाददाता

**भोपाल,02 अप्रैल. मध्यप्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार ने राज्य में आगामी राज्यसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) पर अनुचित तरीकों का सहारा लेने का आरोप लगाया है।**



एक बयान में सिंघार ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस विधायकों को तोड़ने और प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब ये प्रयास सफल नहीं हो रहे, तब पुराने कानूनी मामलों को फिर से सक्रिय कर विपक्षी नेताओं के खिलाफ इस्तेमाल किया जा रहा है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती का उल्लेख किया, जिन्हें 25 साल पुराने मामले में सजा सुनाई गई और दिल्ली में गिरफ्तार किया गया। वहीं, पूर्व भाजपा विधायक नरोत्तम मिश्रा से जुड़े पेड न्यूज मामले के वर्षों से सुप्रीम कोर्ट में लंबित रहने को उन्होंने दोहरे मापदंड का उदाहरण बताया। सिंघार ने यह भी आरोप लगाया कि विजयपुर (श्योपुर) के विधायक मुकेश मल्होत्रा की अयोग्यता के कारण उन्हें राज्यसभा चुनाव में मतदान से वंचित होना पड़ा। इसके अलावा सेमरिया विधायक अभय मिश्रा और भोपाल मध्य के विधायक आरिफ मसूद के खिलाफ पुराने मामलों को अचानक सक्रिय करना भी गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि ये घटनाक्रम उन विधायकों को निशाना बनाने की कोशिश है, जो राजनीतिक दबाव के आगे झुकने को तैयार नहीं हैं। सिंघार ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बजाय सत्ता का दुरुपयोग करार दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे कदम जनता के विश्वास को कमजोर करते हैं और इतिहास गवाह है कि इस तरह की रणनीतियां लंबे समय तक सफल नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और समय आने पर इसका जवाब देगी।

### कॉलोनी में खड़ी दो बाइकों को किया आग के हवाले

**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र की वृंदावन कॉलोनी में खड़ी दो मोटरसाइकिलों में आग लगाने की घटना सामने आई है. थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि अज्ञात बदमाश ने कॉलोनी में खड़ी बाइकों से पेट्रोल निकालकर उन्हीं में आग लगा दी. आग की चपेट में आई बाइकें भागवत राव और प्रेमसिंह कीर की बताई जा रही हैं.

**कार्यालय, श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति-उज्जैन**

Website : www.shrimahakaleshwar.com

Fax : 0734-2550144/2550563

क्र./महा./स्टोर/2026/850 उज्जैन, दिनांक : 01.04.2026

**निविदा विज्ञप्ति (खाद्यान्न सामग्री) द्वितीय**

Tender ID : 2026_MMPSU_495973_1

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित लड्डू प्रसाद, श्री अन्न लड्डू प्रसाद, वैदिक शोध संस्थान, नि:शुल्क अन्नक्षेत्र, नित्यभोग एवं अन्य आयोजित कार्यक्रमों में वर्ष 2026-27 में खाद्यान्न सामग्री (किराना) प्रदाय करने हेतु संबंधित व्यवसायीयों से ई-टेण्डर के माध्यम से ऑनलाइन दरें आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम : श्री महाकालेश्वर मंदिर में खाद्यान्न (किराना) सामग्री प्रदाय करने हेतु|

कार्य की अनुमानित लागत : रु. 20,00,00,000/- (बीस करोड़)

निविदा की प्रतिभूति राशि : रु. 40,00,000/- (चालीस लाख)

टेण्डर डाक्यूमेन्ट की लागत : रु. 5000/- ( पांच हजार )

टेण्डर डाक्यूमेंट क्रय करने एवं बीड प्रस्तुत करने की दिनांक ई-टेण्डरिंग पोर्टल https://mptenders.gov.in पर Tender ID : 2026_MMPSU_495973_1 देखी जा सकती है। पोर्टल में उल्लेखित दिनांक अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

म.प्र. माध्यम/125166/2026 उप प्रशासक एवं डिप्टी कलेक्टर

### महिला को पीटा, बचाने आए जीजा को ईंट मारी

**इंदौर.** सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्राम बगोदा में पारिवारिक विवाद के चलते महिला से मारपीट और बीच-बचाव करने आए जीजा पर ईंट से हमला करने का मामला सामने आया है. थाना प्रभारी कुलदीप खत्री ने बताया कि 26 वर्षीय दुर्गाबाई जब मायके से ससुराल लौटी, तभी पति उमेश और सास आशाबाई ने विवाद कर गाली गलौज शुरू कर दी. विरोध करने पर दोनों ने हाथ मुक्कों से मारपीट कर उसे पटक दिया, जिससे उसके सिर, कमर और हाथ में चोट आई. बीच बचाव करने आए जीजा अर्जुन कटारे पर भी उमेश ने ईंट से हमला कर दिया, जिससे उनके माथे और आंख के पास चोट आई. मौके पर मौजूद परिजनों ने किसी तरह मामला शांत कराया.

# भाजपा का लक्ष्य सत्ता नहीं, हर वर्ग का उत्थान करना है : जामवाल

- भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने बुरहानपुर जिले में मंडल प्रशिक्षण वर्ग को किया संबोधित




**बुरहानपुर.** भाजपा का लक्ष्य सत्ता प्राप्त करना नहीं है. भाजपा का लक्ष्य हर समाज वर्ग का कल्याण व उत्थान करना है. पार्टी कार्यकर्ताओं को नया सीखने और उनके कौशल को निखारने के लिए प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक होता है. पार्टी कार्यकर्ता सनातन और राष्ट्रवाद के ध्वज वाहक हैं. भाजपा संगठन हर समाज वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है, यही कारण है कि आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है.

यह बात भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत गुरूवार को खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर मंडल, बुरहानपुर जिले के शाहपुर एवं फोपनर मंडल के प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है. हमें पार्टी के सिद्धांतों के अनुसार काम करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना है. श्री अजय जामवाल ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन-पूजन कर देश-प्रदेश में खुशहाली और कल्याण की कामना की. श्री जामवाल ने बुरहानपुर में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता हुकुमचन्द्र पूनमचन्द्र अग्रवाल, गुलचन्द्र सिंह पर्ने एवं विश्वनाथ पाटिल को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया. बुरहानपुर जिले में आयोजित मंडल प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी के पूर्व मंत्री, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक अर्चना चिटनिस, पार्टी के प्रदेश मंत्री क्षितिज भट्ट, जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज माने , जिला महामंत्री ईश्वर चौहान, मंडल टोली सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष संभाजी सगरे सहित जिला पदाधिकारी मंचासीन रहे.

### पंच से पार्लियामेंट तक भाजपा आवश्यक

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वर्ष 2047 तक परम वैभव तक पहुंचाने के लिए पंच से पार्लियामेंट तक भाजपा के कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति आवश्यक है. आने वाले दिनों में बूथों पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होंगे, जिनमें आप में से कई कार्यकर्ता प्रशिक्षण व वक्ता बनकर जाएंगे.

**मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल**

आर-23, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स के पास, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल-462011

दूरभाष : 0755-2552663, फैक्स : 2552662, ई-मेल : bocboard@mp.gov.in

**प्रस्ताव निमंत्रण सूचना**

असंगठित श्रमिकों को बीमित किये जाने संबंधी विचाराधीन प्रस्ताव बाबत्, बीमा प्रक्रिया फ्रेमवर्क डिजाइनिंग, तकनीकी सहयोग, विधिक अनुपालन तथा हितग्राहियों के हित संरक्षण की दृष्टि से व्यवस्थित निगरानी तंत्र संबंधी कार्य हेतु पूर्णत: गैर वित्तीय आधार पर बीमा परामर्शी इम्पैनल किया जाना है।

इस हेतु बीमा क्षेत्र की परामर्शी संस्थाओं से उनके द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाली सेवाओं एवं शर्तों के सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्ताव **दिनांक 10.04.2026 सायं 04:00 बजे तक** आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त प्रस्ताव बंद लिफाफे में निर्धारित दिनांक तक, **म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, कार्यालय आर-23, एम.पी. नगर, जोन-01, भोपाल** में प्रेषित किये जायें।

अधिक जानकारी हेतु कार्यालय **सचिव, म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल, आर-23, एम.पी. नगर, जोन-01, भोपाल** में संपर्क किया जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/125184/2026 सचिव

**बजट अनुशासन** | वित्त विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट आवंटन और खर्च की नई व्यवस्था तय की

# बजट का उपयोग नहीं तो राशि सरेंडर करेंगे विभाग

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 2 अप्रैल. राज्य सरकार के ऐसे विभाग जो आवंटित बजट का समय पर पूरा उपयोग नहीं कर पाएंगे, या फिर उन्हें ये संभावना दिख रही हो कि आवंटित बजट में से राशि बच जाएगी, वे विभाग अब तय समय पर बचत राशि वित्त विभाग को सरेंडर करेंगे, इस राशि को वित्त विभाग ऐसे विभागों को देगा, जिन्हें राशि की जरुरत होगी.**

वित्त विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट आवंटन और व्यय की पारदर्शी एवं अनुशासित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं. इसमें ये व्यवस्था तय की गई है. सरकार ने निर्देश दिया है कि जिन योजनाओं में बजट से बचत की संभावना हो, वहां विभाग समय पर समीक्षा कर 31 दिसंबर 2026 तक हुए व्यय के आधार पर 15 जनवरी 2027 से पहले बजट समर्पण की कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे बची हुई राशि का उपयोग अन्य विभागों की आवश्यकताओं की पूर्ति में किया जा सके.

वित्त विभाग ने सभी विभागों को स्पष्ट किया है कि स्वीकृत बजट का उपयोग वित्तीय अनुशासन, मितव्ययता और निर्धारित त्रैमासिक सीमा के अनुरूप ही किया जाए, साथ ही नई योजनाओं पर व्यय से पहले सक्षम प्राधिकारी की अनुमति अनिवार्य होगी. वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राजस्व और पूंजीगत व्यय के बजट शीर्षों में प्रावधानित राशि का 100 प्रतिशत आवंटन जारी किया गया है. वहीं निर्देशों के अनुसार बजट में अपरीक्षित मद के रूप में रखी गई नवीन योजनाओं पर व्यय तभी किया जा सकेगा जब सक्षम प्राधिकारी से योजना का अनुमोदन प्राप्त हो जाएगा. अनुमोदन के बाद संबंधित विभाग को इसकी जानकारी वित्त विभाग को देनी होगी, जिसके बाद ही योजना पर व्यय की अनुमति दी जाएगी. नई व्यवस्था के तहत वित्त विभाग ने विभागीय व्यय को तीन प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया है.

### सामान्य व्ययों के लिए त्रैमासिक व्यय सीमा लागू होगी

सामान्य श्रेणी के राजस्व और पूंजीगत व्ययों के लिए त्रैमासिक व्यय सीमा निर्धारित की गई है. यह सीमा संबंधित बजट नियंत्रण अधिकारी द्वारा वार्षिक आवंटन के आधार पर तय की जाएगी. यदि निर्धारित समय तक इसमें संशोधन नहीं किया जाता है तो प्रत्येक त्रैमास के लिए 25 प्रतिशत व्यय सीमा स्वत: लागू हो जाएगी.

### अनुपूरक बजट और पुनर्विनियोजन की व्यवस्था

अनुपूरक बजट प्रावधान जारी होने के बाद बजट नियंत्रण अधिकारी को 15 दिनों के भीतर व्यय सीमा का पुनर्निर्धारण करना होगा. यदि किसी बजट लाइन से दूसरी लाइन में पुनर्विनियोजन किया जाता है तो उसके अनुसार व्यय सीमा स्वत: समायोजित हो जाएगी.

### दतिया में अमानक स्तर के सफेद बिजली के तार प्रतिबंधित

**भोपाल.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की अनुशंसा पर दतिया कलेक्टर स्वप्निल वानखेडे द्वारा दतिया जिले में सफेद अमानक स्तर बिजली के तारों के उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है. सफेद व अमानक स्तर के बिजली तारों के उपयोग से लगातार खेत-खलिहान, अवैध कॉलोनी एवं अन्य जगहों पर दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं. ऐसे प्रकरणों से जनहानि, पशुहानी एवं अन्य प्रकार से नुकसान हो रहा है. इन घटनाओं की रोकथाम के लिए सफेद व अमानक स्तर के बिजली के तार अब बिक्री और उपयोग के लिये प्रतिबंधित रहेंगे.

**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्त **(1) वीरेंद्र सिंह उर्फ विजेन पुत्र श्री कुलदीप सिंह पता गांव 0जेडएआर, थाना नांगल वादी, जिला: बड़वानी, मध्य प्रदेश (2) दर्शन सिंह पुत्र श्री धर्म सिंह पता गांव व पोस्ट अक्कल कावा जिला: नंदुर बार महाराष्ट्र ने एफआईआर सं. 020991/2025 दिनांक 31.07.2025 धारा 305(बी)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता-2023 के तहत** थाना: हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया हैं) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) वीरेंद्र सिंह उर्फ विजेन (2) दर्शन सिंह** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) वीरेंद्र सिंह उर्फ विजेन (2) दर्शन सिंह** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 020991/2025 दिनांक 31.07.2025 धारा 305(बी)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता-2023 के तहत** थाना: हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली **के उक्त (1) वीरेंद्र सिंह उर्फ विजेन (2) दर्शन सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
मंजु कौशल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03
दक्षिण पूर्व जिला कमरा नं.512
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/4169/SE/2026

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60